भारत सरकार

योजना मंत्रालय

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 3840**

दिनांक 18.12.2024 को उत्तर देने के लिए

**आकांक्षी जिले का समावेशन**

3840. **श्री राजकुमार रोत:**

क्या **योजना** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार का बांसवाड़ा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के बांसवाड़ा और डूंगरपुर दोनों जिलों में शैक्षणिक और आर्थिक पिछड़ेपन तथा स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी के दृष्टिगत उन्हें आकांक्षी जिला कार्यक्रम के अंतर्गत शामिल करने का विचार है;

(ख) यदि हां, तो ऐसा कब तक किए जाने की संभावना है; और

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

**उत्तर**

राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय;
राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) योजना मंत्रालय एवं
राज्यमंत्री, संस्कृति मंत्रालय

**(राव इंद्रजीत सिंह)**

(क) से (ग): आकांक्षी जिलों का चयन प्रकाशित डाटा के आधार पर एक पारदर्शी प्रक्रिया के माध्यम से किया गया है। डाटा सेट की सूची तथा इन जिलों के चयन के लिए उनका भारांक अनुलग्नक-I में संलग्न है। वर्तमान में, आकांक्षी जिला कार्यक्रम के अंतर्गत उक्त जिलों को शामिल किए जाने के लिए कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है।

*****

**श्री राजकुमार रोत द्वारा पूछे गए 'आकांक्षी जिले का समावेशन' के संबंध में दिनांक 18.12.2024 के लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 3840 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में संदर्भित अनुलग्नक**

**<u>आकांक्षी जिलों के चयन हेतु उपयोग किए गए डेटा सेटों और भारांकों की सूची</u>**

| डेटाबेस | क्षेत्र | भारांक |
|---|---|---|
| शारीरिक श्रम पर निर्भर भूमिहीन परिवार *(सामाजिक-आर्थिक जातीय जनगणना-वंचन 7)* | वंचन (25%) | 25 % |
| प्रसव-पूर्व देखभाल *[राष्ट्रीय स्वास्थ्य और परिवार सर्वेक्षण (एनएचएफएस)-4]* | स्वास्थ्य और पोषण (30%) | 7.5 % |
| संस्थागत प्रसव *(एनएचएफएस-4)* | | 7.5 % |
| 5 वर्ष से कम आयु के बच्चों का अवरुद्ध विकास *(एनएचएफएस-4)* | | 7.5 % |
| 5 वर्ष से कम आयु के बच्चों में यक्ष्मा रोग *(एनएचएफएस-4)* | | 7.5 % |
| प्रारंभिक स्कूल छोड़ने की दर *[एकीकृत ज़िला शिक्षा सूचना प्रणाली (यू-डीआईएसई) 2015-16]* | शिक्षा (15%) | 7.5 % |
| प्रतिकूल विद्यार्थी-शिक्षक अनुपात *(यू-डीआईएसई 2015-16)* | | 7.5 % |
| बिजलीरहित परिवार *(विद्युत मंत्रालय)* | इन्फ्रा (30%) | 7.5 % |
| व्यक्तिगत शौचालय रहित परिवार *(पेयजल और स्वच्छता मंत्रालय)* | | 7.5 % |
| प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से अछूते गांव *(ग्रामीण विकास मंत्रालय)* | | 7.5 % |
| जल सुविधारहित ग्रामीण परिवार *(पेयजल और स्वच्छता मंत्रालय)* | | 7.5 % |
| **कुल** | | **100%** |

डेटा सेट के स्रोत का ब्यौरा निम्नवार है:

1. http://secc.gov.in/categorywiseDeprivationReport?reportType=SC%20Category# (एसईसीसी 2011- वंचन डेटाशीट)
2. http://rchiips.org/NFHS/districtfactsheet_NFHS-4.shtml (एनएफएचएस 4 डेटाशीट)
3. http://udise.in/drc2015-16.htm (यू-डीआईएसई 2015-16 डेटाशीट)
4. http://saubhagya.gov.in/ (सौभाग्य वैबसाइट)
5. http://pmgsy.nic.in/ (पीएमजीएसवाई वैबसाइट)